शासकीय उपयोग हेतु

प्रतिवेदन क्रमांक–631

# वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों का जनजातीय समुदायों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

## (नालछा, जिला धार के संदर्भ में)

## वर्ष 2018–19





निर्देशन – श्री प्रेमचन्द मीना आई.ए.एस.
संचालक

मार्गदर्शन – श्री नीतिराज सिंह
संयुक्त संचालक

क्षेत्रीय कार्य एवं प्रतिवेदन – कु. अन्ना माधुरी तिर्की
सहा. सांख्यिकीय अधिकारी

आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्था, म.प्र. शासन
35, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755–2661259, 2661126, 2661375
E-mail : tribho@mp.nic.in

# अनुक्रमणिका


| क्र | अनुक्रम | पृ.क्र. |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावना | 1—2 |
| 2 | **अध्याय—एक**<br>अध्ययन क्षेत्र एवं उसका परिचय | 3—4 |
| 3 | **अध्याय—दो**<br>वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र एवं उसके संचालन की वर्तमान स्थिति | 5—9 |
| 4 | **अध्याय—तीन**<br>वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र से प्रसारित कार्यक्रमों का जनजातीय समुदाय पर प्रभाव | 10—13 |
| 5 | **अध्याय—चार**<br>निष्कर्ष एवं सुझाव | 14—15 |
| 6 | **परिशिष्ट — 1**<br>1. क्षेत्र भ्रमण के दौरान साक्षात्कार में शामिल जनजातीय समुदाय के नामों की सूची | 16—26 |
| 7 | **परिशिष्ट — 2**<br>1. भ्रमण/अनुसंधान से संबंधित स्थल चित्र | 27 |

# प्रस्तावना

मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग का प्रकाशन प्रतिष्ठान 'वन्या' द्वारा वर्ष 2011–12 से प्रदेश के विभिन्न जनजाति समूह की सांस्कृतिक विरासत एवं भाषाओं के संरक्षण, प्रोत्साहन तथा शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार/प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के जनजाति बहुल क्षेत्रों (विकासखण्डों) में वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र स्थापित किया गया है, यथा – बैगा बहुल क्षेत्र चाँड़ा (जिला–डिण्डौरी), कोरकू बहुल क्षेत्र खालवा (जिला–खण्डवा), गोण्ड बहुल क्षेत्र चिचोली (जिला–बैतूल), भील बहुल क्षेत्र नालछा (जिला–धार), भाबरा (जिला–अलीराजपुर), मेघनगर (जिला–झाबुआ), सहरिया बहुल क्षेत्र सेसईपुरा (जिला–श्योपुर), भारिया बहुल क्षेत्र बिजौरी (जिला–छिंदवाड़ा)।

प्रस्तुत प्रतिवेदन वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा, जिला धार (म.प्र.) द्वारा प्रसारित विभिन्न कार्यक्रमों का उस क्षेत्र में निवासरत जनजाति समुदायों पर होने वाले प्रभाव तथा उपयोगिता का अध्ययन से संबंधित है। इस अध्ययन हेतु वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा जिला धार (म.प्र.) तथा प्रसारण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों का भ्रमण किया गया। प्रतिवेदन के विभिन्न अध्यायों में दिये गये तथ्य अवलोकन, साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राप्त उत्तरों (प्राथमिक जानकारी) तथा वन्या रेडियो केन्द्र, नालछा द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेख (द्वितीयक जानकारी) पर आधारित है।

आशा है प्रतिवेदन में दी गयी सामग्रियाँ शासकीय योजनाओं में फेरबदल, नीति निर्धारण एवं नयी योजनाओं के संबंध में विचार करने हेतु उपयोगी सिद्ध होंगी।

**वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र की स्थापना के मुख्य उद्देश्य –**

1. जनजातियों के कल्याण हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को उन तक उन्हीं की भाषा/बोली के माध्यम से पहुँचाना।
2. जनजातीय कला और संस्कृति का संरक्षण करना।
3. जनजातियों के सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के स्तर को ऊँचा उठाना।

**अध्ययन के उद्देश्य –**

1. वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र नालछा द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों का जनजातीय समुदायों पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन।
2. रेडियो केन्द्र के प्रसारण एवं संचालन की वर्तमान स्थिति ज्ञात करना।
3. रेडियो केन्द्र द्वारा समय–समय पर शासकीय योजनाओं से संबंधित जानकारियों का प्रसारण भी किया जाता है। इसकी जानकारी वहाँ निवासरत जनजातीय समुदाय को है अथवा नहीं? शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हुआ अथवा नहीं? के संबंध में वस्तुस्थिति ज्ञात करना।

**उपकल्पना –**

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र द्वारा प्रसारित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का जनजातीय जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

**अध्ययन प्रविधि –**

प्रतिवेदन में निहित तथ्य अवलोकन एवं साक्षात्कार पद्धति के उपयोग के आधार पर प्रस्तुत किये गये हैं। किंचित जानकारियाँ रेडियो केन्द्र में उपलब्ध अभिलेख के आधार पर प्रतिपादित की गयी हैं।

# अध्याय–एक

# अध्ययन क्षेत्र एवं उसका परिचय

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र–नालछा, मध्यप्रदेश के जिला–धार में स्थित है। यह केन्द्र विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल 'माण्डू' जिसे 'माण्डव' भी कहा जाता है, से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर तेलन टेकरी की तराई पर स्थित है। नालछा विकासखण्ड अंतर्गत जनजातीय एवं अन्य समुदायों की कुल आबादी लगभग 1,12,617 है। यहाँ की क्षेत्रीय भाषा/बोली मालवी है, जबकि जनजातीय भाषा/बोली भीली, भिलाली एवं पटेलिया है। नालछा विकासखण्ड अंतर्गत निवासरत ग्रामों में भील जनजाति समुदाय की बहुलता है। अतः रेडियो प्रसारण भीली एवं हिन्दी में किया जाता है।

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा के प्रसारण का दायरा 20 किलोमीटर है। प्रसारण रेंज में आने वाले ग्रामों के नाम हैं – सुलीबइड़ी, ज्ञानपुरा, गिण्डोलीमाल, लुन्हैरा, पटल्यापुरा, किसान कुण्डा, जीरापुरा, आँवलिया, बगड़ी, मेंहँदीखेड़ी, गोलपुरा, कुराड़िया, काकलपुरा, बेड़ियापुरा, बेड़ापुर, पन्नाला, नालछा, शिकारपुरा, कुराड़िया सराय, नरसिंहमाल, जामनघाटी, आली, मेघापुरा, उमरपुरा, बरखेड़ा, भील कुण्डा, नयापुरा, कागदीपुरा, गामदा आदि।

अध्ययन/भ्रमण हेतु चुने गये ग्रामों के नाम हैं :– पन्नाला, किसानीकुण्डा, नालछा, शिकारपुरा, सुलीबइड़ी, मेंहँदीखेड़ी, बेड़ियापुरा, बेड़ापुरा, लुन्हैरा, बगड़ी, काकलपुरा, कुराड़िया, गोलपुरा, आँवलिया, ज्ञानपुरा, जिरापुरा, गिण्डोलीमाल, पटलियापुरा। इसके अलावा नालछा स्थित आवासीय विद्यालय की छात्राओं एवं अन्य छात्रावास की बालिकाओं से भी वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी।






oU;k lkeqnkf;d jfM;k dUn ukyNk }kjk ilkfjr dk;Øek d lc/k e tkudkjh nrh
gbZ vkoklh; fo ky; dh Nk!k"$

# अध्याय–दो

# वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र एवं उसके संचालन की वर्तमान स्थिति

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा, जिला–धार (म.प्र.) की स्थापना 26 अगस्त 2013 में हुई। यह केन्द्र सुदूर क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय समुदायों तक कम खर्च में शासकीय योजनाओं, मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रमों को सुनाने का सशक्त माध्यम है। वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा उस क्षेत्र के जन समुदाय के मध्य जाकर उनसे बातचीत के माध्यम से उनकी समस्याओं को समझकर उसी के आधार पर उन्हीं की भाषा में कार्यक्रमों का निर्माण भी किया जाता है। इस केन्द्र द्वारा निर्मित कार्यक्रम में आमजन को अपनी बात रखने की पूरी आजादी दी जाती है। यहाँ कई जनजातीय महिलाओं, किशोरियों को अपनी बात कहने एवं कई गायक कलाकारों को कला प्रदर्शन हेतु मंच मिलता रहा है।

**रेडियो प्रसारण की स्थिति –**

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा सुचारू रूप से संचालित है, किन्तु रेडियो टावर की ऊँचाई कम होने के कारण दूरस्थ क्षेत्रों में श्रोता रेडियो प्रसारण नहीं सुन पाते। ग्राम–सुलीबइड़ी, माण्डू आदि प्रसारण रेंज में होने के बाद भी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण वहाँ वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र द्वारा प्रसारित कार्यक्रम सुनाई नहीं देता। केन्द्र का प्रसारण समय है – प्रातः 7.30 से दोपहर 12.00 बजे तथा शाम 4.00 से 8.30 बजे तक। केन्द्र के प्रसारण संबंधी सभी उपकरण चालू अवस्था में पाये गये। कार्यक्रम का प्रसारण भीली एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में किया जाता है। वन्या रेडियो केन्द्र, नालछा द्वारा प्रसारित किये जाने वाले प्रमुख कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :–

1. जनजातीय संगीत (भजन)
2. बात पते की (भीली एवं हिन्दी भाषा में)
3. लोकगीत

4. मार्गदर्शन
5. बालसभा
6. युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद
7. नवा जुना तराना
8. आजाद हिन्द
9. रंगोली आपणी बोली म
10. मीना की दुनिया
11. कथा/कहानी
12. सशक्त महिला
13. वतन का राग
14. स्वास्थ्य वार्ता
15. बढ़ते कदम
16. खेती–किसानी
17. आपणी बोली म वार्ता
18. पंचतंत्र की कहानी
20. स्थानीय प्रतिभाओं से भेंटवार्ता
21. चिंतन
22. प्रसिद्ध लोक गाथाएँ
23. स्थानीय लोगों से बातचीत



%ke&egnh 'kMh dh efgyk"k "o c)*
oU;k lkenkf;d jfM;k dUn d
ilkj+k d lc/k e **kjr$

उपरोक्त सभी कार्यक्रम वन्या रेडियो केन्द्र, नालछा द्वारा थ्ण्डण बैण्ड 90.8 मेगाहर्ट्ज पर प्रसारित किये जाते हैं।

**वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा में कर्मचारियों की व्यवस्था –**

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा के संचालन हेतु कुल 07 पदों का प्रावधान है। यथा :–

1. केन्द्र प्रभारी अधिकारी (विभागीय प्राचार्य/प्रधानाध्यापक) – 01

2. केन्द्र समन्वयक – 01

3. केन्द्र सहायक समन्वयक/रिकॉर्डिस्ट/उद्घोषक – 03

4. केन्द्र चौकीदार/भृत्य – 02

वर्तमान में भरे गये एवं रिक्त पदों की जानकारी निम्नलिखित है :–

| क्र | पद का नाम | केन्द्र में पदस्थ कर्मचारी/अधिकारी का नाम | भरे गये पद | रिक्त पद | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रभारी | श्री संतोष यादव | 01 | – | 01 |
| 2 | समन्वयक | श्री नीरज मिश्रा | 01 | – | 01 |
| 3 | सहायक | श्रीमती नेहा पण्डित | 01 | 02 | 03 |
| 4 | चौकीदार | श्री संतोष वसुनिया | 01 | 01 | 02 |
| | | **योग** | **04** | **03** | **07** |

**केन्द्र में पदस्थ अधिकारियों /कर्मचारियों की स्थिति –**



oU;k lkeqnkf;d jsfM;ks dsUn, ukyNk esa
leUo;d ds in ij dk;Zjr -Jh uhjt
feJk$

केन्द्र में पदस्थ प्रभारी अधिकारी विभागीय प्राचार्य हैं। शेष कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी के रूप में लगभग 09 वर्षों से कार्यरत हैं, जिनका वेतन बहुत कम है। कर्मचारियों का कहना है कि वन्या द्वारा उनके नियमितीकरण तथा नियमित वेतनमान के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, जबकि नियुक्ति के समय प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि कर्म... आधार पर उन्हें शीघ्र नियमित किया जायेगा। यह भी कि अब चूँकि उनकी उम्र नौकरी के लिए निर्धारित आयु सीमा से अधिक हो गयी, इसलिए कहीं और नौकरी मिलने की संभावनाएँ भी समाप्त हो गयी हैं। समन्वयक, सहायक समन्वयक एवं चौकीदार के पद पर

कार्यरत कर्मचारियों की व्यथा इस रूप में भी सामने आयी कि कम वेतन के कारण परिवार का भरण–पोषण, बच्चों की पढ़ाई आदि का खर्च पूरा नहीं पड़ पाता, जिसके कारण वे भारी मानसिक तानव में रहते हैं। वर्तमान में केन्द्र समन्वयक का मासिक वेतन रुपये 9,000.00, सहायक समन्वयक का मासिक वेतन रुपये 8,000.00 एवं चौकीदार का मासिक वेतन रुपये 6,000.00 है। केन्द्र में 03 पद खाली हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण कई बार केन्द्र में पदस्थ चौकीदार श्री संतोष वसुनिया को फील्ड का कार्य, रिकार्डिंग का कार्य एवं अन्य कार्य सौंपे जाते हैं। अतिरिक्त कार्य हेतु उन्हें कोई भत्ता नहीं दिया जाता। श्री वसुनिया चूँकि भीली बोली/भाषा के जानकार हैं अतः अनेकों बार कलाकारों से बातचीत/साक्षात्कार आदि कार्यक्रम उनकी आवाज के साथ रिकार्ड की जाती है।

**विगत तीन वर्षों में सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा के (प्राप्त बजट अनुसार) व्यय की जानकारी :–**

| क्र. | वर्ष | पूर्व वर्ष की शेष राशि | प्राप्त बजट | व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2015–16 | 99,778.00 | 5,00,000.00 | 4,48,292.00 |
| 2 | 2016–17 | 1,52,736.00 | 4,00,000.00 | 4,99,314.00 |
| 3 | 2017–18 | 58,131.00 | 6,00,000.00 | 5,82,341.00 |

**भवन की वर्तमान स्थिति –**

नालछा, जिला–धार स्थित वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र जिस भवन में संचालित है, वह काफी पुराना है। भवन के आस–पास साफ–सफाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। प्रसारण कक्ष और रिकार्डिंग कक्ष को छोड़कर बाकी स्थान



.kou ftle lkenkf;d oU;k jfM;k dUn l*kfyr

बदहाल हैं। प्रसाधन कक्ष में नल, पानी आदि की सुविधा नहीं है। अतिथियों के लिए बैठने हेतु पर्याप्त कुर्सियाँ नहीं है। जिस भवन में रेडियो केन्द्र संचालित है उसके आधे एवं खुले हुए हिस्से में पशु रात्रि विश्राम करते हैं, जिससे गंदगी भी होती है।

# अध्याय–तीन

# वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र से प्रसारित कार्यक्रमों का जनजातीय समुदाय पर प्रभाव

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में स्थानीय लोगों से बातचीत में यह बात सामने आयी कि रेडियो के माध्यम से कई रोचक जानकारियाँ प्राप्त होती हैं, जिससे सामान्य ज्ञान में बढ़ोत्तरी के साथ ही साथ विचारों में बदलाव आया है। शिक्षा के प्रति जागरुकता आयी है। वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र के कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि के नवीन तकनीकों के संबंध में भी जानकारियाँ हासिल होती हैं। रेडियो द्वारा समाज में सहयोग एवं आपसी सामंजस्य की भावना का विकास भी हुआ है। वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र द्वारा समय–समय पर शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाती है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों/जनजातीय परिवारों को लाभ हुआ है। केन्द्र द्वारा शासकीय योजनाओं के संबंध में प्रसारित कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :–

1. आवास भत्ता योजना
2. बस्ती विकास योजना
3. विदेश में शिक्षा योजना
4. कौशल विकास योजना
5. एकलव्य आदर्श विद्यालय योजना
6. कन्या शिक्षा परिसर योजना
7. दीनदयाल अन्त्योदय योजना
8. जननी सुरक्षा योजना
9. लाड़ली लक्ष्मी योजना
10. आवासीय विद्यालय योजना
11. छात्रवृत्ति योजना

12. मुफ़्त सायकिल योजना
13. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण योजना
14. विदेश में अध्ययन योजना
15. सार्वजनिक वितरण योजना
16. प्री–मैट्रिक छात्रावास योजना
17. कार ड्रायविंग योजना
18. स्वरोजगार योजना
19. गाँव की बेटी योजना
20. प्रसाधन किट योजना
21. उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान योजना
22. निःशुल्क गणवेश योजना
23. पब्लिक स्कूल में प्रवेश योजना
24. ग्राम पंचायत पुरस्कार योजना
25. रोजगार प्रशिक्षण योजना
26. मध्यान्ह भोजन योजना
27. रानी दुर्गावती पुरस्कार योजना

इसके अलावा अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा के माध्यम से जनता तक पहुँचायी जाती है। स्थानीय जनजातीय समुदायों को उपरोक्त योजनाओं में से लाड़ली लक्ष्मी योजना, एकलव्य आदर्श विद्यालय योजना, प्रसाधन किट योजना आदि का लाभ प्राप्त हुआ है।

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों को बच्चे, किशोर, युवा एवं बुजुर्ग भी सुनते हैं, किन्तु युवा वर्ग इसे अधिक सुनना पसंद करते हैं। रेडियो के प्रति उनके उत्साह का आंकलन इस रूप में भी किया गया कि वे चाहे सफर कर रहे हों या घर में हों, अपना पसंदीदा कार्यक्रम शुरू होने के पहले ही रेडियो चालू कर लेते हैं।

**कलाकारों का मानदेय –**



oU;k lkeqnkf;d jsfM;ks dsUnz, ukyNk ds 01kkuh; dykdkj$

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र से जुड़े स्थानीय कलाकारों को अपनी कला निखारने का अवसर प्राप्त होता है। कलाकारों को अपनी बोली/भाषा में गीत, भजन आदि के रिकार्डिंग के उपरांत प्रोत्साहन स्वरूप मानदेय भी दिया जाता है। मानदेय की राशि 200/– रु. प्रति गीत है।

वर्तमान में वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र से प्रसारित कार्यक्रमों को टी.वी. एवं मोबाइल सेट पर भी सुना जा रहा है। रेडियो से प्रसारित कार्यक्रम घर या खेत में काम करते हुए आसानी से सुने जा सकते हैं। रेडियो के माध्यम से मनोरंजन के साथ–साथ सामाजिक चेतना तथा विकास के प्रति जागरुकता आयी है एवं उत्साह का संचार हुआ है। अंधविश्वास में भी कमी आयी है। शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन आया है। इस प्रकार वन्या सामुदायिक रेडियो का जनजातीय समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। तथापि कुछ परिवारों ने वन्या रेडियो से प्रसारित कार्यक्रमों के संबंध में अनभिज्ञता जाहिर की। नालछा विकासखण्ड में शासन की ओर से रेडियो सेट बाँटे जाने के संबंध में पूछताछ करने पर वर्तमान में केन्द्र में पदस्थ कर्मचारियों एवं उस क्षेत्र के रहवासियों का कहना था कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों में पाँच कार्यक्रम ऐसे हैं जिन्हें, वहाँ निवासरत जनजातीय समुदाय द्वारा सबसे ज्यादा सुना और पसंद किया जाता है। पसंदीदा कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :–

1. जनजातीय संगीत (भजन)
2. लोक गीत
3. रंगोली आपणी बोली म
4. बात पते की

5. खेती किसानी

6. स्वास्थ्य वार्ता, आदि

साक्षात्कार के समय जनजातीय समुदाय से जब पूछा गया कि वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र के कार्यक्रम में किस प्रकार का बदलाव चाहते हैं? तब इस प्रश्न के उत्तर में उनके द्वारा कहा गया कि चूँकि वे कृषि संबंधी कार्य में संलग्न हैं, अतः कृषि कार्य से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में अधिक से अधिक उन्हें रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से अवगत कराया जाए। जनजातीय गीत, लोकगीत, भजन के अलावा फ़िल्मी गीतों का प्रसारण भी वन्या रेडियो के माध्यम से प्रसारित किये जाएँ।

श्रोतागण यह भी चाहते हैं कि बीमारियों के घरेलू इलाज एवं जड़ी–बूटी से उपचार संबंधी जानकारी भी रेडियो के माध्यम से उन तक पहुँचायी जाए।



jsfM;ks -krk, %ke&2kuijk, fodkl 'k+M&ukyNk$

# अध्याय–चार

# निष्कर्ष एवं सुझाव

**निष्कर्ष –**

1. वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा द्वारा रेडियो कार्यक्रमों का प्रसारण सुचारू रूप किया जा रहा है।
2. केन्द्र में हिन्दी के साथ–साथ स्थानीय बोली/भाषा में कार्यक्रम प्रसारित होने के कारण श्रोताओं में उत्साह का संचार हुआ है एवं अपनी बोली/भाषा के प्रति आदरभाव जागृत हुआ है तथा उसे बचाने व संरक्षित करने की लालसा जागी है।
3. वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं को अधिक से अधिक और आसान तरीके से जनजातीय समुदायों तक पहुँचाने में मदद मिली।
4. केन्द्र द्वारा महिला स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रमों के प्रसारण से महिलाओं में स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने में विशेष सहायता मिली है।
5. यह केन्द्र विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी कार्यक्रमों के प्रसारण के माध्यम से श्रोताओं के चहुँमुखी विकास एवं मनोरंजन हेतु उपयोगी सामग्री जुटाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

**सुझाव –**

वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा जिला–धार द्वारा सीमित साधनों में श्रोताओं के लिए बेहतर सामग्री जुटाने में प्रयासरत होने के बावजूद कुछ व्यवस्थागत कमियाँ हैं, जिसे यदि दूर किया जाये तो प्रसारण की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी होगी और वहाँ का जनजातीय समुदाय केन्द्र द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों से अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सकता है। अतएव सुझाव प्रस्तुत हैं :–

1. वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र, नालछा की रेडियो प्रसारण की फ्रिक्वेंसी तथा टावर की ऊँचाई बढ़ायी जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में प्रसारण साफ–साफ सुनाई दे।
2. श्रोता चूँकि कृषि कार्य से जुड़े हैं, अतः कृषि की आधुनिक तकनीक/पद्धति की अधिकाधिक जानकारी उन्हें समय–समय पर रेडियो केन्द्र के माध्यम से दी जाए।
3. मनोरंजन हेतु जनजातीय गीतों एवं लोकगीतों, भजनों के साथ–साथ फ़िल्मी गीत भी बजाये जाएँ।
4. रेडियो केन्द्र में कार्यरत समन्वयक, सहायक समन्वयक और चौकीदार को सम्मानजनक वेतन दिया जाए ताकि उनका जीवन खुशहाल रहे और कार्यक्रम की गुणवत्ता पर उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सके।
5. केन्द्र द्वारा कलाकारों को दी जाने वाली मानदेय की राशि बहुत कम है। मानदेय राशि 200रु. प्रति गीत के बढ़ाकर कम से कम 800 रु. कर दी जाए, ताकि उनकी कला को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।
6. वन्या सामुदायिक रेडियो केन्द्र भवन के रख–रखाव, जल व्यवस्था, साफ–सफाई इत्यादि हेतु पृथक बजट उपलब्ध कराया जाए।
7. केन्द्र के रिक्त पद भरे जाएँ ताकि किसी एक कर्मचारी पर ही कार्य का अधिक बोझ न हो तथा बेहतर ढंग से कार्यक्रमों का निर्माण व प्रसारण हो सके।
8. ऑन एयर ट्रांसमिशन का कार्य जिस कम्प्यूटर सिस्टम से किया जाता है, उसी सिस्टम से केन्द्र में प्रोग्राम की रिकार्डिंग एवं एडिटिंग का कार्य भी किया जाता है। इस कारण ट्रांसमिशन के दौरान रिकार्डिंग एवं एडिटिंग का कार्य स्थगित रहता है, जिससे कलाकारों को ऑन एयर ट्रांसमिशन बंद होने तक वहाँ रुककर रिकॉर्डिंग के लिए इंतजार करना पड़ता है। इस प्रकार अनावश्यक रूप से समय की बर्बादी होती है। उक्त कार्य हेतु अतिरिक्त कम्प्यूटर सिस्टम की आवश्कता के मद्देनज़र आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायी जाए।

परिशिष्ट –1

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान साक्षात्कार में शामिल जनजातीय समुदायों के नामों की सूची :–

1. श्रीमती प्रेम भास्कर (भील), नालछा, जिला धार (म.प्र.)
2. कु. गोदावरी गिरवाल (भील), कक्षा 10वीं, ग्राम–गुगली, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
3. कु. रंजना गिरवाल (भील), कक्षा 11वीं, ग्राम–काकलपुरा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
4. कु. रवीना राठौर (पटेलिया), कक्षा 9वीं, ग्राम–मियापुरा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
5. कु. सोनू राठौर (पटेलिया), कक्षा 9वीं, ग्राम–मियापुरा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
6. कु. निर्मला गोयल (पटेलिया), कक्षा 9वीं, ग्राम–आली, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
7. कु. ऋतु राठौर (पटेलिया), कक्षा 9वीं, ग्राम–मियापुरा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
8. कु. मनीषा निनामा (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–आली, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र)
9. कु. सोनू रायकवार, कक्षा 9वीं, ग्राम–सरजापुर, पी.ओ. धानी, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
10. कु. संगीता मावी (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–पाटड़ी, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
11. कु. रानू गिरवाल (भील), कक्षा 11वीं, ग्राम–आमखो, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
12. कु. ज्योति मकनाने (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–कोठी सोड़पुर, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

13. कु. रोशनी मावी (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–जीरापुर, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

14. कु. पिंकी सिंगारे (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–आमखो, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र)

15. कु. ममता भाभर (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–उमरपुर, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

16. कु. सविना डावर (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–कनड़ीपुरा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

17. कु. पार्वती मोहरा (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–कोठी सोड़पुर, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

18. कु. रचना बारिया (पटेलिया), कक्षा 11वीं, ग्राम–आली, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

19. कु. निकिता नलवाया (पटेलिया), कक्षा 11वीं, ग्राम–तलवाड़ा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

20. कु. सुराज चंदेल (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–लुन्हैरा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

21. कु. कविता मेड़ा (भील), कक्षा 12वीं, ग्राम–मोवड़ीपुर, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

22. कु. अंजली डावर (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–पाटड़ी, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

23. कु. माया चंदाना (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–पीपलीमाल, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

24. कु. कविता कटारे (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–भीतबरखेड़ा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

25. कु. सोनम सिंगारे (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–आम्बापुर, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

26. कु. निकीता चोपड़ा (पटेलिया), कक्षा 11वीं, ग्राम–जीरापुर, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

27. कु. ऋतिका निनामा (भील), कक्षा 11वीं, ग्राम–आली, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

28. कु. रेवा डावर (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–कोटड़ा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

29. कु. करिश्मा मालीवाड़ (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–अम्बाझिरी, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

30. कु. संगीता गिरवाल (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–गुगली, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

31. कु. लक्ष्मी मोहरे (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–कोटड़ा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

32. कु. मनीषा डावर (भील), कक्षा 11वीं, ग्राम–सुलीबइड़ी, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

33. कु. सुबी दांगी (भील), कक्षा 11वीं, ग्राम–मियापुरा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र)

34. कु. ममता गिरवाल (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–गुगली, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

35. कु. प्रियंका डावर (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–सुलीबइड़ी, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

36. कु. राधा गिरवाल (भील), कक्षा 9वीं, ग्राम–उमरपुरा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

37. श्री सुरेश कुंजी (गुर्जर), उम्र–30 वर्ष, ग्राम–पन्नाला, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

38. श्री केलाराम मावी (भील), उम्र–37 वर्ष, ग्राम–किसानी कुण्डा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

39. श्री भागू भाभर (भील), उम्र–50 वर्ष, ग्राम–नालछा, वि.ख. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

40. श्री सुरेश झणियाँ (पटेलिया), उम्र–43 वर्ष, ग्राम–शिकारपुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

41. श्रीमती भुरी वसुनिया (भील), उम्र–34 वर्ष, ग्राम–शिकारपुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

42. श्रीमती नानो डावर (भील), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–सुलीबइड़ी, पी.ओ. माण्डव, जिला–धार (म.प्र.)
43. श्री मगन वसुनिया (भील), उम्र–36 वर्ष, ग्राम–मेंहँदीखेड़ी, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
44. श्रीमती रंगुबाई (भील), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–मेंहँदीखेड़ी, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
45. श्री कमल भूरिया (भील), उम्र–24 वर्ष, ग्राम–बेड़ियापुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
46. श्री गंगाराम परमार (पटलिया), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–बेड़ियापुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
47. श्रीमती फुंदीबाई मालिवाड़ (भील), उम्र–50 वर्ष, ग्राम–बेड़ापुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
48. श्रीमती सुगरीबाई भूरिया (भील), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–बेड़ापुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
49. श्री राहुल भूरिया (पटेलिया), उम्र–18 वर्ष, ग्राम–बेड़ापुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
50. श्री कमल बामनिया (पटेलिया), उम्र–41 वर्ष, ग्राम–लुन्हैरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)
51. श्री आशीष (भील), उम्र–42 वर्ष, ग्राम–लुन्हैरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)
52. श्री धन्नालाल बामनिया (पटेलिया), उम्र–60 वर्ष, ग्राम–लुन्हैरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
53. श्री विजय बामनिया (पटेलिया), उम्र–24 वर्ष, ग्राम–लुन्हैरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)
54. श्री मुकेश बामनिया (पटेलिया), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–लुन्हैरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

55. श्री सुभाष पटेलारी, उम्र–41 वर्ष, ग्राम–बगड़ी, पी.ओ. बगड़ी, जिला–धार (म.प्र.)

56. श्रीमती दिना पटवारी, उम्र–42 वर्ष, ग्राम–बगड़ी, पी.ओ. बगड़ी, जिला–धार (म.प्र.)

57. श्री नीलेश पटेल, उम्र–30 वर्ष, ग्राम–बगड़ी, पी.ओ. बगड़ी, जिला–धार (म.प्र.)

58. श्रीमती रेखा, उम्र–45 वर्ष, ग्राम–बगड़ी, पी.ओ. बगड़ी, जिला–धार (म.प्र.)

59. श्रीमती अनिला, उम्र–30 वर्ष, ग्राम–बगड़ी, पी.ओ. बगड़ी, जिला–धार (म.प्र.)

60. श्री कन्नु बारिया (भील), उम्र–50 वर्ष, ग्राम–काकलपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

61. श्रीमती लौंगा बाई ठाकुर (भील), उम्र–50 वर्ष, ग्राम–काकलपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

62. श्री रमेश बारिया (भील), उम्र–30 वर्ष, ग्राम–काकलपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

63. श्री दिनेश गिरवाल (भील), उम्र–28 वर्ष, ग्राम–काकलपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

64. श्री ओंकार डावर (भील), उम्र–50 वर्ष, ग्राम–कुराड़िया (गोलपुरा), पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

65. श्री अजय गिरवाल (भील), उम्र–19 वर्ष, ग्राम–कुराड़िया, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

66. श्री शेरसिंह डावर (भील), उम्र–25 वर्ष, ग्राम–गोलपुरा, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

67. श्रीमती आरती डावर (भील), उम्र–18 वर्ष, ग्राम–गोलपुरा, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

68. श्री दीपक सिंगारे (भील), उम्र–29 वर्ष, ग्राम–गोलपुरा, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

69. श्रीमती लक्ष्मी भाबर (भील), उम्र–18 वर्ष, ग्राम–गोलपुरा, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

70. श्री विनोद गिरवाल (भील), उम्र–18 वर्ष, ग्राम–गोलपुरा, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

71. श्री महेश डावर (भील), उम्र–28 वर्ष, ग्राम–गोलपुरा, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

72. श्री रोहित गिरवाल (भील), उम्र–18 वर्ष, ग्राम–गोलपुरा, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

73. श्री हीरालाल सिंगारे (भील), उम्र–52 वर्ष, ग्राम–गोलपुरा, पी.ओ. कुराड़िया, जिला–धार (म.प्र.)

74. श्री भूपेन्द्र ठाकुर (भील), उम्र–26 वर्ष, ग्राम–ऑँवलिया, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

75. श्री खड़गसिंह ठाकुर (पटेलिया), उम्र–48 वर्ष, ग्राम–ऑँवलिया, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

76. श्री कमल मावी (भील), उम्र–39 वर्ष, ग्राम–ऑँवलिया, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

77. श्री कान्हा कुमावत (भील), उम्र–20 वर्ष, ग्राम–ऑँवलिया, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

78. श्री अशोक मुवेल (भील), उम्र–25 वर्ष, ग्राम–ऑँवलिया, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

79. श्री गबु सिंह वास्केल (भिलाला), उम्र–50 वर्ष, ग्राम–ऑँवलिया, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

80. श्रीमती पारू मावी (भील), उम्र–35 वर्ष, ग्राम–ऑँवलिया, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

81. श्रीमती कुँअर बाई भाभर (भील), उम्र–32 वर्ष, ग्राम–ऑँवलिया, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

82. श्रीमती यशोदा बाई (पटेलिया), उम्र–29 वर्ष, ग्राम–ज्ञानपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

83. श्री कमल चौहान (भील), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–ज्ञानपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

84. श्री रुस्तम चौहान (भील), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–ज्ञानपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

85. श्री कैलाश चौहान (भील), उम्र–55 वर्ष, ग्राम–ज्ञानपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

86. श्रीमती जमना बाई (भील), उम्र–50 वर्ष, ग्राम–ज्ञानपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

87. श्रीमती सुनीता बारिया (पटेलिया), उम्र–31 वर्ष, ग्राम–ज्ञानपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

88. श्रीमती संगीता बारिया (भील), उम्र–32 वर्ष, ग्राम–ज्ञानपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

89. श्रीमती रामी बाई बारिया (भील), उम्र–32 वर्ष, ग्राम–ज्ञानपुरा, पी.ओ. नालछा, जिला–धार (म.प्र.)

90. श्री भावसिंह डावर (भील), उम्र–35 वर्ष, ग्राम–सुलीबइड़ी, पी.ओ. माण्डू, जिला–धार (म.प्र.)

91. श्री प्रेमसिंह डावर (भील), उम्र–37 वर्ष, ग्राम–सुलीबइड़ी, पी.ओ. माण्डू, जिला–धार (म.प्र.)

92. श्री राजेन्द्र बघेल (भील), उम्र–19 वर्ष, ग्राम–सुलीबइड़ी, पी.ओ. माण्डू, जिला–धार (म.प्र.)

93. श्री सुनील डावर (भील), उम्र–80 वर्ष, ग्राम–सुलीबइड़ी, पी.ओ. माण्डू, जिला–धार (म.प्र.)

94. श्री बहादुर डावर (भील), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–सुलीबइड़ी, पी.ओ. माण्डू, जिला–धार (म.प्र.)

95. श्री किसन डावर (भील), उम्र–38 वर्ष, ग्राम–सुलीबइड़ी, पी.ओ. माण्डू, जिला–धार (म.प्र.)

96. श्री कमल डावर (भील), उम्र–30 वर्ष, ग्राम–सुलीबइड़ी, पी.ओ. माण्डू, जिला–धार (म.प्र.)

97. श्रीमती राजुबाई जाटुआ (भील), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

98. श्री भारत भावी (भील), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

99. श्रीमती देवकी पटेल (भील), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

100. श्री रुगनाथ भावर (भील), उम्र–60 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

101. श्री भीमसिंह परमार (भील), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

102. श्रीमती संतोष बाई चौहान (भील), उम्र–35 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

103. श्री भेरूसिंह डावर (भील), उम्र–49 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

104. श्री रमेश मालीवाड़ (भील), उम्र–55 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

105. श्री भगवान बारिया (भील), उम्र–30 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

106. श्री सुरेश (भील), उम्र–30 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

107. श्री कनिराम राठौर (पटेलिया), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–जीरापुरा, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

108. श्री माँगीलाल डावर (भील), उम्र–50 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

109. श्री संतोष डावर (भील), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

110. श्री मुकेश मकवाने (भील), उम्र–33 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

111. श्री रतन मकवाने (भील), उम्र–52 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

112. श्री बहादुर निनामा (भील), उम्र–27 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

113. श्री मुन्नालाल डावर (भील), उम्र–19 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

114. श्री रोहित डावर (भील), उम्र–18 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

115. श्री कैलाश निनामा (भील), उम्र–56 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

116. श्री कृष्णा कटारे (भील), उम्र–18 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

117. श्रीमती सुमन मकवाने (भील), उम्र–19 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

118. श्री अजय सिंह डामारे (भील), उम्र–38 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

119. श्री दिनेश निनामा (भील), उम्र–39 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

120. श्री मुकेश निनामा (भील), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

121. श्री कालू सिंह परमार (भील), उम्र–35 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

122. श्री राजेश बारिया (पटेलिया), उम्र–33 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

123. श्री यशवंत भूरिया (पटेलिया), उम्र–42 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

124. श्री सुनील परमार (पटेलिया), उम्र–24 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

125. श्री करण सिंह भूरिया (पटेलिया), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

126. श्री लखन पटेल (पटेलिया), उम्र–25 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

127. श्रीमती पुष्पा बाई (भील), उम्र–45 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

128. श्री धन्ना लाल परमार (पटेलिया), उम्र–60 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

129. श्रीमती अनुराधा हटीला (भील), उम्र–40 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

130. श्री बाबु बारिया (भील), उम्र–65 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

131. श्रीमती कल्पना पाल (भील), उम्र–28 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

132. श्री सुनील बारिया (पटेलिया), उम्र–21 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

133. श्री रामू बारिया (पटेलिया), उम्र–47 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

134. श्री लक्ष्मण हटीला (पटेलिया), उम्र–34 वर्ष, ग्राम–गिण्डोलीमाल, पी.ओ. लुन्हैरा, जिला–धार (म.प्र.)

परिशिष्ट –2

# क्षेत्र भ्रमण से संबंधित कुछ छायाचित्र






